सार-समाचार

विधिक जागरूकता शिविर लगाया

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव विरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आहोर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन, निवारण और प्रतितोष अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जालोर एलएडीसीएस चीफ अजहरूद्दीन ने अधिनियम के प्रावधानों एवं शिकायत करने का तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए। अधिवक्ता दशरथ कंवर ने उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि कार्य स्थल पर यदि किसी महिला कर्मचारी के साथ पर किसी प्रकार का उत्पीड़न हो तो इसकी शिकायत करने का प्रावधान है, यदि कार्य स्थल पर महिलाओं के साथ किसी प्रकार का उत्पीडन हो तो कर्मचारियों को निडर होकर इसकी शिकायत करनी चाहिए। अधिवक्ता वर्षा विश्नोई ने कहा कि कार्यस्थल पर कर्मचारियों के साथ उत्पीड़न करने वाला कोई अधिकारी हो या हमारे समकक्ष या हमारे से वरिष्ठ अधिकारी हो तो भी हमें बिना डरे। आंतरिक समिति के समक्ष लिखित में शिकायत करनी चाहिए। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन, निवारण और प्रतितोष अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और महिला कर्मचारियों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्टेनो निर्मला बिश्नोई, अंजू शर्मा के अलावा चिकित्सा विभाग के अधिकारी महिला कर्मचारी, एएनएम आदि मौजूद रही।

बछड़ी की टूटी टांग का ऑपरेशन

पोकरण, (कासं)। बाबा रामदेव गौ शाला रामदेवरा में बछडी की टूटी टांग का सर्जिकल ऑपरेशन डॉक्टर हंसाराम द्वारा पोकरण बाबा रामदेव गौ शाला रामदेवरा में पोकरण शहर की आवारा की टूटी टांग की हड्डी तथा रक्त रंजित घाव पीड़ित बछडी का मंगलवार को सांय बाबा रामदेव गौशाला रामदेवरा भेजा गया। गौशाला अध्यक्ष जयकिशन दवे तथा गोशाला सदस्य कैलाश सिंह लखासरा ने घायल बछडी के उपचार एवं पर्याप्त चिकित्सा के लिए भनियाणा पोस्टेड पशु चिकित्सक डॉक्टर हंसाराम से संपर्क कर बुलाने पर आज होनहार एवं काबिल चिकित्सक डॉक्टर हंसा राम ने अपनी टीम सदस्य पशु चिकित्सा सहायक भूराराम , पशु चिकित्सा सहायक संदीप ने घायल बछडी को बेहोश कर स्टील रॉड लगाकर तथा दो घंटे की कडी मशक्कत के बाद टांके लेकर, पलास्टर कर आवश्यक दवाइयो से उपचार किया। इस दौरान उपचार के समय कई पशु प्रेमी सहायता के लिए मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रुप, गजानंद सैन,खेताराम लिलड, हेमा, भोमराज माली, कंवरलाल माली आदि उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के साथ कथा शुरू

जोधपुर, (कासं) । विरक्त संतों की तपोस्थली चांदपोल स्थित अजनेश्वर आश्रम में आज कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा शुरू हुई। इस कथा का 4 अप्रैल तक आयोजन किया जाएगा। शांतेश्वर महाराज के सानिध्य में गुरु परिवार की ओर से यह कथा आयोजित करवाई जा रही है। इस नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का वाचन महामंडलेश्वर शंभू पंच अग्नि अखाड़ा की मां कनकेश्वरी देवी करेगी। कथा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक है। कथा में देवी भागवत के विभिन्न अध्यायों को संगीतमय और शाब्दिक अर्थों के साथ उसकी महत्ता समझाई जाएगी। देवी भागवत महापुराण के प्रथम दिन आज शांतेश्वर महाराज के सानिध्य और महामण्डलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी के साथ महापुराण की कलश शोभायात्रा बैण्ड बाजे के साथ निकाली गई।

अनन्त भगवान की लीला का शुभारंभ

जोधपुर, (कासं)। चोखा में स्थित श्री अनन्त भगवान मन्दिर में अनन्त भगवान की लीला का शुभारंभ सूरसागर बड़ा रामद्वारा के महन्त रामप्रसाद महाराज के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पांच दिवसीय कथा अनुष्ठान में पधारे महन्त रामप्रसाद महाराज ने अनन्त भगवान मन्दिर का अवलोकन कर आशीर्वचन दिया। नवरत्न हलवाई, अशोक सितारा,विक्की कुमार,श्याम जी रामेश्वर, प्रेमजी, पवन प्रजापति, अंजू प्रजापत और पिंकी प्रजापति सहित अनेक लोगों ने उनका स्वागत किया। दामोदर भारद्वाज के सानिध्य में पांच दिवसीय कथा कार्यक्रम में नवरत्न हलवाई द्वारा 36 प्रसंगो की व्याख्या की जा रही है। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन सांय चार से छह बजे रखा गया है। प्रतिदिन आगंतुक भक्तों के लिए प्रसादी का आयोजन रखा गया है।

जानकी दादी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। ब्रह्माकुमारी राजयोग केद्र शिवाजी नगर जालोर में बुधवार को संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉक्टर दादी जानकी का तीसरा पुण्य स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। सेवा केंद्र की संचालिका बी के रंजू दीदी ने जानकी दादी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जानकी के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में सभी ने दादी को पुष्पांजलि अर्पित की और प्रभु प्रसाद स्वीकार किया। कार्यक्रम में इंजीनियर बी एल सुथार , डॉ. डी सी पुंसल, डॉ जसवीर सुथार, आदिनाथ फतेह ग्लोबल हॉस्पिटल के मैनेजर ललित गुर्जर,अश्विन कुमार, अनंत कुमार, मंसाराम, बालराम, समर्थ राम, भंवर लाल परिहार, बिशनगढ से मोहन भाई, इंदिरा माता, उर्मिला माता, आशा माता, पूजा कुमारी, अस्मिता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

जालोर के भैंरूनाथ अखाड़े में होरी महोत्सव, खेली फूल होली



जालोर के भैंरूनाथ अखाड़े में पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में फूलों की होली खेली। फोटो–राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखा? में पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में मंगलवार रात्रि 8 बजे घनश्याम होरी महोत्सव का भक्ति एवं संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। होरी महोत्सव कार्यक्रम में योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी आनन्दनाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, योगी गोपालनाथ महाराज, योगी अर्जुननाथ महाराज के साथ अन्य साधु-संतों का भी सानिध्य रहा।

कार्यक्रम में भक्तों ने होली पर्व पर भगवान श्री कृष्णा व भगवान शिव को फूलों की होली खिलाई। वही वहॉ उपस्थित भक्तजनों ने गुरू महाराज को चरण वंदन कर फूलों की होली खेली। भैरूनाथ अखाड़े में पुरा माहौल भक्ति मय नजर आया। राधाकृष्ण की सुमधुर होरियो का स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतिकरण देकर उपस्थित भक्तों को भक्ति के रंग में रंग दिया।

स्थानीय कलाकार जगदीश सोनी, जगदीश रामावत व विमल खत्री एंड पार्टी ने भक्ति भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को होली के रंग में झूमने पर मजबूर कर दिया।

होरी महोत्सव में भैरूनाथ अखाड़े में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। फूलों की होली के रंग मे हर कोई नजर आया। वही होरिया के भक्ति मय संगीत पर हर कोई भक्ति मे लीन होकर नाचता नजर आया।

होली पर आयोजित भजन संध्या में महिलाएं कृष्ण की भक्ति में लीन नजर आई। सभी कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं में सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की ।

इस दौरान चार्तुमास सेवा समिति के अध्यक्ष मीठालाल दर्जी, समिति के व्यवस्थापक पारसमल परमार, ओबाराम देवासी, उमाकांत गुप्ता, शांतिलाल सुथार, गोविंद पुरी, नवीन सुथार, दीपक रामावत, जवानाराम प्रजापत, बंशीलाल सोलंकी, हुक्मीचंद सोलंकी, यशवंत मेवाडा , दीपक सुथार सहित काफी लोग मौजूद रहे।

श्रवण सिंह राव ने भाजपा राज के काम गिनाए

जालोर, (कासं)। कांग्रेस सरकार के 1800 दिनों में अराजकता और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, गृहमंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संगठन की बदौलत प्रदेश की भजनलाल सरकार ने महज सौ दिनों में जनहित के कई ऐतिहासिक फैसले किए। यह बात जालोर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने सांचोर में बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होने कहा कि एक तरफ कांग्रेस सरकार के 5 साल और दूसरी ओर भजनलाल सरकार के सौ दिनों का अंतर साफ नजर आ जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जहां 21 जिलों के लिए 2 लाख 80 हजार हेक्टैयर जमीन सिंचाई तथा 40 प्रतिशत आबादी के लिए पीने के पानी की समस्या का समाधान करते हुए ईआरसीपी योजना पर समझौता किया। वहीं जिलों के लोगों के लिए यमुना जल समझौता कर पानी की समस्या को दूर करने का ऐतिहासिक कार्य कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को कई वर्षों तक गुमराह करने का कार्य किया।

उन इंडस्ट्रियों को सफाया करने का काम भजनलाल सरकार ने सौ दिनों के कार्यकाल में किया। कांग्रेस दिखावे के नाम पर महंगाई राहत शिविर लगाती थी, लेकिन पेट्रोल–डीजल की दरों में कमी नहीं की गई।

भजनलाल सरकार ने सौ दिनों के कार्यकाल में पेट्रोल डीजल पर दो प्रतिशत वैट कम किया। इसके साथ ही प्रदेशभर में पेट्रोल डीजल की कीमतों को लगभग समान कर दिया। भजनलाल सरकार ने पेपरलीक मामले में सख्ती दिखाते हुए एसआईटी का गठन किया और पेपरलीक माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया।

नामांकन प्रक्रिया का मॉक ड्रिल अभ्यास किया

जोधपुर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जोधपुर लोकसभा के नामांकन जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, जोधपुर में गुरुवार 28 मार्च से जमा किए जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन जमा कराने संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संचालन की पुख्ता व्यवस्था के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में बुधवार को मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया।

अग्रवाल ने नामांकन के दौरान पेयजल, साफ–सफाई, अस्थाई शौचालय, बैरिकेट्स, समय के महत्व को देखते हुए घड़ी, यातायात की समुचित व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (पूर्व) आलोक श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीप्ति शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) रतन लाल योगी, उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर (दक्षिण) महावीर सिंह जोधा सहित संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

मॉक ड्रिल में 100 मीटर की परिधि से लेकर नामांकन दाखिल तक की सभी गतिविधियों का सुचारू अभ्यास किया गया।

इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने पुलिस के लिए आवश्यक संसाधनों एवं पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मॉक ड्रिल में अभ्यर्थियों के साथ आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के संबंध में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यर्थियों को नामनिर्देशन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष से 100 मीटर की परिधि में तीन से अधिक वाहन एवं अभ्यर्थी सहित पांच से अधिक व्यक्तियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि 28 मार्च से अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के भी सभी इंतजाम कर लिए गए हैं।

शिविर में 125 मरीजों का उपचार

पाली, (नि.सं.)। रोटरी क्लब पाली एवं कंचन सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

रोटरी क्लब अध्यक्ष कल्याण देसरला एवं सचिव नरपत चौपड़ा ने बताया कि शिविर में बिना आपरेशन 125 मरीजों का प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले शिविर में मरीज को काफी आराम मिला तो काफी लोगों ने शिविर पुनः लगाने के लिए आग्रह किया इसलिए 1 महीने में पुनः शिविर का आयोजन किया गया। जिन्होंने पिछले शिविर में इलाज करवाया था वे भी वापस आए।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र मोहनोत, वर्धमान भंडारी, रामपाल शर्मा राजकुमार मेड़तिया मूलचंद संकलेचा, जितेन्द्र नाहर, तारा प्रकाश खंडेलवाल आदि मेम्बर मौजूद रहे।

ओझा असिस्टेंट गवर्नर बने

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष डॉ.पवन ओझा को अगले रोटरी सत्र 2024-25 के लिए असिस्टेंट गवर्नर चुना गया हैं।

क्लब सचिव संजय कुमार ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3055 के आगामी प्रांतपाल मोहन पाराशर ने अगले सत्र के लिये डिस्ट्रिक्ट टीम की घोषणा की हैं।

आम सूचना

मैं नरपत कुमार पुत्र रामलाल निवासी हरिजन बस्ती, तह. व जिला जालोर शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि वाहन नम्बर RJ16SN0083 है जो मेरे पुत्र राजकुमार नाम से जालोर में पंजीकृत है। अत: मेरे पुत्र राजकुमार की मृत्यु 18.07.2019 को हो गई है। अब इस वाहन को मेरे नाम से स्थानांतरण करवाना चाहता हूँ

नरपत कुमार

मो. 9460960473

कार्यालय पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/पंसजा/लेखा/हड्डी ठेका/2024/657 दिनांक 27/03/2024

हड्डी ठेका नीलामी वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति, जालोर अधीनस्थ 29 ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 सम्पूर्ण अवधि हेतु मृत पशुओं की हड्डीया एकत्रित कर उठाने का ठेका पंचायत समिति कार्यालय में दिनांक 04.04.2024 को दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य गठित कमेटी द्वारा खुली बोली द्वारा निलाम किया जायेगा। अत: जो भी इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार उक्त दिनांक को बोली में भाग लेना चाहे वो 40,000/- रूपये धरोहर राशि तथा 500/- रूपये आवेदन फीस निर्धारित प्रपत्र सहित पंचायत समिति कार्यालय में दोहपर 01.00 बजे तक जमा करवाकर खुली बोली/निलामी में भाग ले सकेगा। नीलामी की शर्तें इत्यादि कार्यालय नोटिस बोर्ड पर अथवा https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. ZJR2324A0418

UBN No. ZJR2324GSOB00631

प्रधान
पंचायत समिति, जालोर

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, जालोर

प्रपत्र-'जी' रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण के लिए परिशिष्ट

हेलिओस फ्रोटोवोल्टिक लिमिटेड के लिए

पीवी सेल और पीवी मॉड्यूल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में संचालन

[भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के विनियम 36ए के उप–विनियम (1) के तहत (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016]

क्र सं.	प्रासंगिक विवरण	
1.	कार्पोरेट देनदार का नाम पैन एवं सीआईएन नंबर सहित	हेलिओस फोटोवोल्टिक लिमिटेड सीआईएन – U40106DL2005PLC143431
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	14, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट फेस IV, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110020
3	वेबसाइट का यूआरएल	उपलब्ध नहीं है
4.	उस स्थान का विवरण, जहां पर अधिकांश अचल संपत्तियाँ स्थित हैं	कृपया 11 मार्च 2024 को प्रकाशित फॉर्म जी देखें।
5.	प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की संस्थापित क्षमता	कृपया 11 मार्च 2024 को प्रकाशित फॉर्म जी देखें।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	कृपया 11 मार्च 2024 को प्रकाशित फॉर्म जी देखें।
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	कृपया 11 मार्च 2024 को प्रकाशित फॉर्म जी देखें।
8.	अतिरिक्त विवरण दो वर्षों हेतु अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित) लेनदारों की सूचियां प्रोसेस की अनुवर्ती घटनाओं के लिए विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं:	वित्त वर्ष 2021–2022 और वित्त वर्ष 2022–2023 के वित्तीय विवरण और लेनदारों की सूची का लिंक – https://drive.google.com/drive/folders/12kuyigdagTL9WTxgN-RfAIWs5V81r_ld?usp=drive_link
9.	संहिता की धारा 25 (2) (एच) के अधीन समाधान आवेदकों हेतु पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है।	कृपया 11 मार्च 2024 को प्रकाशित फॉर्म जी देखें। कृपया संपूर्ण विवरण प्राप्त करने के लिए ibc24helios@gmail.com पर मेल करें
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	2 अप्रैल 2024 (मंगलवार)
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	8 अप्रैल 2024 (सोमवार)
12	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	13 अप्रैल 2024 (शनिवार)
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	18 अप्रैल 2024 (गुरूवार)
14	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	23 अप्रैल 2024 (मंगलवार)
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	23 मई 2024 (गुरूवार)
16.	ईओआई जमा करने के लिए ई–मेल प्रोसेस करें	ibc24helios@gmail.com

एतद्द्वारा बड़े पैमाने पर जनता को सूचना/सूचित करने के लिए है कि विभिन्न पीआरए द्वारा किए गए कई अनुरोधों के कारण, सीओसी ने **11 मार्च 2024 को प्रकाशित फॉर्म जी** में मूल रूप से परिकल्पित समय सीमा को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। आपको सूचित किया जाता है कि आगे की प्रक्रिया के लिए ऊपर उल्लिखित अद्यतन समय सीमा है।

हस्ताक्षर/-
एएससी इन्सॉल्वेंसी सर्विसेज एलएलपी
(IBBI/IPE-0060/IPA-1/2022-23/50012)
एएफए वैधता- 04 दिसंबर 2024 तक
हेलिओस फोटो वोल्टाइक लिमिटेड के लिए रेजोल्यूशन प्रोफेशनल
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता - आलोक कुमार अग्रवाल (दिवाला पेशेवर)
कॉर्पोरेट पता: सी-100, सेक्टर 2, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301

दिनांक : 26 मार्च 2024
स्थान : नई दिल्ली,

पाली में ई–संकल्प पोर्टल का विमोचन

पाली, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एल. एन. मंत्री ने पाली जिले में मजबूत लोकतंत्र के स्वीप प्रोग्राम के अन्तर्गत ई–संकल्प पोर्टल का विमोचन किया।

लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं द्वारा ऑनलाइन संकल्प लेने के लिए. पोर्टल का शुभारम्भ करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एल. एन. मंत्री ने प्रथम संकल्प लेकर अपना डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त जागरूक मतदाता प्रमाण–पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश गोयल उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा नन्दकिशोर राजोरा नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद पाली ने भी ऑनलाईन संकल्प लेकर अपने जागरूक मतदाता प्रमाण–पत्र प्राप्त किये। विमोचन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में एक लाख से अधिक मतदाताओं द्वारा ई–संकल्प लिया गया था। लोकसभा आम चुनाव 2024 में भी मतदाताओं से मतदाता जागरूकता के लिए अधिक से अधिक ई–संकल्प लेकर जागरूक मतदाता प्रमाण पत्र लेने की अपील की गई। पोर्टल में मतदाता नाम एवं मोबाईल नं. का इन्द्राज कर सहजता से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरयुक्त डिजिटल प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकेंगें। विमोचन के दौरान स्वीप शाखा के प्रवीण कुमार जॉगिड़, मोहन लाल भदावत, गजेन्द्र सिंह नारलाई एवं सहायक प्रोग्रामर भानू प्रताप सिंह राठौड़, शुभम गांग उपस्थित रहे।

85 लाख की नकदी व जेवरात चोरी के सात आरोपी गिरफ्तार

- भीनमाल के भरूड़ी गांव में माह सितंबर 2023 में हुई थी चोरी
- पुलिस अधीक्षक जालोर द्वारा गठित विशेष टीम ने हासिल की सफलता

भीनमाल, (निसं)। नकबजनी व चोरी की अनट्रेस घटनाओं में सफलता के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद्र यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल वह भीनमाल वृत्त अधिकारी अन्य राजपुरोहित के निकटतम पर्यवेक्षण में गठित टीम ने भरूड़ी गांव में माह सितम्बर 2023 के दौरान हुई बड़ी चोरी का राजफाश करने में सफलता पाई।

गठित टीम में रामसीन थानाधिकारी कमल किशोर मय जाब्ता, डीएसटी टीम प्रभारी बलदेव राम एसआई मय जाब्ता ने भरूड़ी गांव में पीड़िता एक विधवा के घर में 20 सितंबर 2023 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा 85 लाख रूपए नकद एवं 700 ग्राम सोने के गहने व चांदी के गहनों की की गई चोरी का पर्दाफाश कर साथ मुलजिमों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है चोरी की नगदी एवं सोने चांदी के गहनों की बरामद की हेतु आज पुलिस रिमांड लिया जाकर बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

ज्ञातव्य रहे कि दिनांक 21 सितंबर 2023 पुलिस थाना रामसिन क्षेत्र के भरूड़ी गांव में स्वर्गीय अमर सिंह की पत्नी कैलाश कंवर के मकान में से रात्रि के समय अज्ञात चोरों द्वारा दो दिन पूर्व जमीन खरीदने के लिए लाए हुए 85 लाख रुपए तथा कैलाश कंवर तथा उसकी पुत्री दीपिका के करीब 700 ग्राम सोने व चांदी के गहने चोरी कर ले जाने पर पुलिस थाना रामसिन में प्रकरण दर्ज कर अन्वेषण शुरू किया गया। प्रकरण में गिरफ्तारसुदा आरोपी राजू मेघवाल पुत्र लसाराम जाति मेघवाल निवासी कुशलापुरा पुलिस थाना भीनमाल, जो कि पीड़िता श्रीमती कैलाश कंवर का विश्वास पात्र होकर उनके कुएं पर खेती–बाड़ी करता था। पीड़िता का एक पुत्र बीमार होकर कोमा में है। ऐसे में आरोपी राजू मेघवाल के द्वारा ही पीड़िता के पैसे बैंक में जमा करवाने एवं घरेलू सामान लाने ले जाने आदि का छोटा मोटा कार्य भी करता था। राजू मेघवाल को पीड़िता कैलाश कंवर की जमीन बेचने की बड़ी रकम एवं सोने की जेवरात की जानकारी होने से राजू ने दासपां निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति राव से मिली भगत कर नकबजनी की योजना बनाई।

राजू उर्फ राजेंद्र सिंह राव ने सद्दाम हुसैन के साथ कैलाश कंवर की पुत्री की शादी के दिन ही चोरी करने की योजना बनाई थी। मगर कैलाश कंवर के पति की मृत्यु हो जाने के कारण पुत्री की शादी नियत तारीख को नहीं होने पर घटना को अंजाम नहीं दे पाए। माह सितंबर 2023 में राजूराम मेघवाल व राजू राव ने घटनास्थल की रैकी की तथा उसके पश्चात राजू राव ने उसकी जानकारी मीठालाल और मुकेश व पारसमल को ग्राम भरूड़ी में बुलाकर मकान की रैकी करवाई।

आरोपी मुकेश माली ने अपने जानकार राजू उर्फ रामसाजीवन विश्वकर्मा निवासी यूपी को घटना में सहयोग हेतु बुलाया एवं दिनांक 20 सितंबर 2023 की रात्रि में सभी आरोपी गणों द्वारा मकान की चारदीवारी के ऊपर से मकान की परिधि में प्रवेश कर 85 लाख रूपए नकद एवं 700 ग्राम के सोने चांदी के गहनों की चोरी कर वहां से निकल गये। इन सभी सहयोगी आरोपी सद्दाम हुसैन को आरोपी राजू राव के द्वारा फोन कर घासेड़ी नदी के ब्रिज पर बुलाया एवं पुल के नीचे बैठकर चोरी के माल का बंटवारा किया गया। आरोपी सद्दाम हुसैन ने घटनास्थल से चुराये जेवरात को गलाकर ठिकाने लगाने में आरोपी साहिद का सहयोग लिया गया। साहिद जो कि सद्दाम हुसैन के रिश्ते में बहन का बेटा भांजा लगता है। गिरफ्तारसुदा मुलजिमों में आरोपी 1. सद्दाम हुसैन पुत्र गुलाब बागवान, मुसलमान उम्र 36 साल निवासी कुशलापुरा थाना भीनमाल जिला जालौर पूर्व में धोखाधड़ी के तीन प्रकरण दर्ज है। आरोपी 2. राजूराम पुत्र लसाराम मेघवाल उम्र 50 साल निवासी कुशलापुरा थाना भीनमाल। आरोपी 3. राजू सिंह उर्फ राजेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति राव उम्र 30 साल निवासी दासपा पुलिस थाना भीनमाल जिला जालौर है जिस पर भरूच गुजरात व आंध्र प्रदेश में चोरी के प्रकरण दर्ज है। आरोपी 4. पारसमल पुत्र श्री मूलाजी जाति माली उम्र 36 साल निवासी वराडा पुलिस थाना बरलूट जिला सिरोही है जिस पर पूर्व में धोखाधड़ी के पांच प्रकरण दर्ज है। आरोपी 5. राजू उर्फ रामसाजीवन विश्वकर्मा पुत्र रामसबत जाति विश्वकर्मा बढई उम्र 31 साल पेशा फर्नीचर बनाना निवासी गटरवा पुलिस थाना दलदरा जिला सिद्धार्थ नगर यूपी हाल मकान नंबर 24 गढख़ोल पटिया अंकलेश्वर पुलिस थाना अंकलेश्वर जिला भरूच गुजरात है जिस पर पुलिस थाना अंकलेश्वर गुजरात में चोरी का एक प्रकरण दर्ज है। आरोपी 6. मीठालाल उर्फ मुकेश पुत्र तेजाराम जाति माली निवासी पाड़ीव पुलिस थाना कालंद्री जिला सिरोही है जिस पर आंध्र प्रदेश में खम्म, भीमावाराम, तनकु व अहमदाबाद शहर एवं भरूच में चोरी के 7 प्रकरण दर्ज है। अरोपी 7. साहिद पुत्र करामत अली जाति बागवान मुसलमान उम्र 22 साल निवासी लालगढ़ रामपुरा बस्ती गली नंबर 2 लाल खान की बाड़ी बीकानेर पुलिस थाना मुक्ता प्रसाद जिला बीकानेर है।

आरोपी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू राव, मीठालाल उर्फ मुकेश माली, पारसमल माली, राजू उर्फ रामसाजीवन विश्वकर्मा दिन के समय गांवों में मकानों की रैकी कर रात्रि में चोरी की वारदात करते हैं एवं मिलकर बंटवारा कर महाराष्ट्र व आंध्र प्रदेश के बड़े शहरों में जाकर चोरीशुदा माल को बेचकर होटलों व बीयर बारों में अय्याशी पूर्वक जीवन यापन करते हैं। रुपए खत्म होने पर अन्य चोरियां करते हैं। आरोपी सद्दाम हुसैन आम जनता को गुमराह कर फर्जी दस्तावेज के मार्ग पर आम लोगों को जमीन बताकर उक्त जमीन का बेचान सौदा कर धोखाधड़ी पूर्वक लाखों रुपए हड़पना एवं राजू राव व अन्य लोगों गांवों के चोरी करवाकर चोरी का माल प्राप्त करता है।

पुलिस टीम में रामसीन थाने से थानाधिकारी कमल किशोर, अमर सिंह एएसआई, रामनिवास, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र कसानिया, गोपाराम, रियाज खां, पूनमाराम, भेराराम, भैरूसिंह शामिल रहे। डीएसटी टीम से एसआई बलदेव राम, बाबूलाल, ओंकार सिंह, रमेश शामिल रहे। सायला पुलिस थाने के कांस्टेबल मदनलाल का विशेष योगदान रहा। भीनमाल पुलिस थाने के राकेश कुमार ड्राइवर, गोपीलाल, रामलाल, शामिल रहे। जबकि सायबर टीम के त्रिलोक सिंह, किशन लाल का विशेष सहयोग रहा।

वार्षिकोत्सव आयोजित

बालोतरा, (नि.सं.)। आदर्श विद्या मंदिर जसोल के प्रांगण में वार्षिकोत्सव 'राम आए हैं' के कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

प्रधानाचार्य ने अतिथि स्वागत एवं सम्मान तथा विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का विवरण दिया। संस्थान में संचालित पंचपदीय गतिविधि आधारित शिक्षण के अंतर्गत स्वर साधना युक्त संगीत, योग ,आसन, सूर्य नमस्कार व पिरामिड की विभिन्न आकृतियों का सृजन किया गया। कार्यक्रम के शीर्षक को सार्थक करते हुए ''मेरे घर राम आए हैं'' पर भैया– बहिनों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह चंदावत कहा कि हमें राम के जीवन मूल्यों से सीख लेनी चाहिए।

उत्कर्ष के 'होली हंगामा' का आज आखिरी दिन

जोधपुर, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस के 'होली हंगामा' का आज आखिरी दिन है। इसके तहत उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक के भारी डिस्काउंट के साथ ही प्रत्येक कोर्स पर 3 माह की अतिरिक्त वैधता भी विद्यार्थियों को दी जा रही है। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि उत्कर्ष एप में उपलब्ध विभिन्न परीक्षा वर्गों के 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर उपर्युक्त डिस्काउंट एवं सुविधा दिए जाने का आखिरी दिन है। इसके अलावा उत्कर्ष एप की बुकशाला से प्रिंटेड नोट्स, बुक्स इत्यादि अध्ययन सामग्री ऑर्डर करने पर भी बडी छूट दी जा रही है।गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त राजस्थान तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट–जेईई, यूजीसी नेट, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

क्रम संख्या	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम	सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि	सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सम्पत्ति का पता
1	85973934	सम्पत्ति पर ऋण	1. कुया राम 2. प्यारी देवी	28.02.2024	6,24,387.12/-	सम्पत्ति पट्टा नं. 47, बुक नं. 158, मिसल नं. 05/21-22, ग्राम पंचायत रामा, तहसील आहोर, जिला जालोर, राजस्थान-307029, का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 131.18 वर्गगज, और सीमाये है-पूर्व-आम रास्ता और दरवाजा, पश्चिम-मसरा राम पुत्र गालाराम, उत्तर-मसरा राम पुत्र गाला राम, दक्षिण-पताराम पुत्र अचलाराम

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

दिनांक- 28.03.2024
स्थान- जालोर

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)